कमोडिटी मार्केट रिपोर्ट

विश्व जनसंख्या दिवस
11 जुलाई

smc
Moneywise. Be wise.

प्रमुख खबरें

- सरकारी निकाय कोचिल्को के अनुसार चिली का कुल तांबा उत्पादन मई में 2.55% गिरकर 478,800 टन हो गया है।
- चीन 500 अरब युआन (74.7 अरब डॉलर) का एक राज्य बुनियादी ढांचा निवेश कोष स्थापित करेगा ताकि बुनियादी ढांचे पर खर्च को बढ़ावा दिया जा सके और एक कमजोर अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित किया जा सके।
- पूरे देश में वर्षा सामान्य स्थिति में फिर से लौट आई है क्योंकि दक्षिण प्रायद्वीप में अतिरिक्त वर्षा हुई है और उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत में बारिश की कमी भी काफी कम हुई है: भारतीय मौसम विभाग।
- भारत ने सोने पर मूल आयात शुल्क 10.75% से बढ़ाकर 15% कर दिया क्योंकि दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा कीमती धातु उपभोक्ता इसकी मांग को कम करने की कोशिश कर रहा है।
- देश में बिजली की बढ़ती मांग की उम्मीद के बीच जून 2022 में भारत का कोयला उत्पादन 32.57% बढ़कर 67.59 मिलियन टन हो गया।
- जुलाई में भारत का पाम तेल आयात 10 महीने के उच्चतम स्तर 7-8 लाख टन तक बढ़ सकता है।
- इंडोनेशिया ने अपने पाम तेल निर्यात का कोटा बढ़ा दिया है और कुल 2.4 मिलियन टन पाम तेल उत्पादों के लिए निर्यात परमिट जारी किया है।
- इंडोनेशिया का लक्ष्य इस महीने के अंत तक बायोडीजल में 35% पाम तेल मिश्रण को लागू करना है, जिसे बी 35 के रूप में जाना जाता है, ताकि अतिरिक्त पाम तेल की आपूर्ति को अवशोषित करने में मदद मिल सके।
- 2022/23 सीजन में, ब्राजील में सोयाबीन का रकबा 3% बढ़कर 42.4 मिलियन हेक्टेयर हो गया क्योंकि अधिक कीमतों से किसानों को अधिक क्षेत्र में बुआई करने का बढ़ावा मिला हैं।
- अधिक उत्पादन और कम निर्यात के कारण जून 2022 के अंत तक मलेशिया का पाम तेल स्टॉक माह-दर-माह 10.5% बढ़कर 1.68 मिलियन टन होने की उम्मीद है।

NCDEX में सबसे अधिक बढ़ने वाली कमोडिटी

कमोडिटी	01.07.22	07.07.22	बदलाव (%)
धनिया	11346.00	11952.00	5.34%
सीसेम सीड	12035.00	12475.00	3.66%
मक्का	2256.00	2295.00	1.73%
स्टील	49990.00	50850.00	1.72%
धान	4613.00	4659.00	1.00%

MCX में सबसे अधिक बढ़ने वाली कमोडिटी

कमोडिटी	01.07.22	07.07.22	बदलाव (%)
नेचुरल गैस	449.00	492.20	9.62%
निकल	2012.00	2045.50	1.67%
जिंक	276.80	280.30	1.26%
कॉटन	41450.00	41730.00	0.68%
मेंथा ऑयल	1023.10	1025.10	0.20%

NCDEX में सबसे अधिक गिरने वाली कमोडिटी

कमोडिटी	01.07.22	07.07.22	बदलाव (%)
कॉटनऑयलसीडकेक	2653.00	2487.00	-6.26%
रिफाइंड सोया तेल	1327.70	1248.30	-5.98%
सोयाबीन	6574.00	6254.00	-4.87%
ग्वारसीड	5178.00	5050.00	-2.47%
कैस्टर सीड	7520.00	7340.00	-2.39%

MCX में सबसे अधिक गिरने वाली कमोडिटी

कमोडिटी	01.07.22	07.07.22	बदलाव (%)
कच्चा तेल	8605.00	8195.00	-4.76%
सोना	51917.00	50621.00	-2.50%
तांबा	679.05	664.85	-2.09%

साप्ताहिक समीक्षा

डॉलर इंडेक्स में तेजी के बीच कमोडिटीज की कीमतों में नाटकीय गिरावट देखी गई। सीआरबी इंडेक्स 300 के महत्वपूर्ण स्तर से नीचे टूट गया लेकिन सप्ताह के अंत में इसमें रिकवरी हुई। डॉलर इंडेक्स 107 से ऊपर उछल गया, जो दिसंबर 2002 के बाद उच्चतम स्तर है। फेड द्वारा दरों में आक्रामक बढ़ोतरी की संभावना से डॉलर पिछले साल नवंबर के बाद से कुछेक रूकावटों के साथ लगातार बढ़ा है। मांग को लेकर अत्यधिक निराशावादी आउटलुक के डर पर ऊर्जा काउंटर औंधेमुंह लुढ़क गया। नैचुरल गैस की कीमतों में लगातार चौथे हफ्ते गिरावट हुई और 697 के स्तर से 425 तक की तेज गिरावट देखी गई। इसके बाद निचले स्तर से रिकवरी हुई लेकिन साप्ताहिक नुकसान की भरपाई नहीं हो पाई। नॉर्वे के तेल और गैस श्रमिकों द्वारा हड़ताल को समाप्त करने के लिए वहां की सरकार के हस्तक्षेप के बाद बुधवार को नेचुरल गैस की कीमतों में गिरावट हुई । लेकिन गुरुवार को नेचुरल गैस के भंडार में कम बढ़ोतरी के कारण कीमतों में तेजी से उछाल दर्ज की गई और कीमतें बढ़त के साथ बंद हुई। मुद्रास्फीति से लड़ने के लिए पिछले कुछ महीनों में दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों द्वारा ब्याज दरों में वृद्धि के कारण मंदी की आशंका से कमोडिटीज की मांग पर असर पड़ने से धातु और पॉम तेल जैसी अन्य कमोडिटीज के साथ तेल की कीमतों में भी गिरावट हुई है। बुधवार को जारी औद्योगिक समूह के आंकड़ों के अनुसार पिछले सप्ताह अमेरिकी कच्चे तेल के भंडार में लगभग 3.8 मिलियन बैरल की वृद्धि हुई। डॉलर इंडेक्स में तेजी से सोने की कीमतों की पिछली बढ़त समाप्त हो गई। एमसीएक्स पर, सोने की कीमतों का पिछले सप्ताह का प्रीमियम, जब आयात शुल्क में वृद्धि की खबरों ने खरीदारी को प्रोत्साहित किया, भी कुछ हद तक समाप्त हो गया जबकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोने की कीमतों में गिरावट हुई है। चांदी की कीमतें भी पिछले हफ्ते 57000 से नीचे लुढ़क गई । अमेरिकी फेडरल रिजर्व की जून बैठक की बुधवार को जारी किए गए मिनट में लंबे समय तक चलने वाली मुद्रास्फीति को रोकने के लिए 'और भी अधिक प्रतिबंधात्मक' मौद्रिक नीति की संभावना का सुझाव दिया। मंदी की आशंका से बेस मेटल की कीमतों में गिरावट हुई है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के प्रमुख ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए दृष्टिकोण अप्रैल के बाद से 'काफी कमजोर' हो गया है और अगले साल संभावित वैश्विक मंदी से इंकार नहीं किया जा सकता है। जुलाई से सितंबर के लिए जापानी खरीदारों को एल्युमीनियम शिपमेंट के लिए प्रीमियम 148 डॉलर प्रति टन निर्धारित किया गया है, जो पिछली तिमाही से 14% कम था, जो ऑटोमोबाइल की कमजोर मांग और बढ़ते स्थानीय भंडार को दर्शाता है।

कृषि कमोडिटीज में, कॉटन पर बिकवाली का दबाव देखा गया। कपड़ा क्षेत्र से कपास की मांग सीमित होने के कारण कीमतें अब तक के उच्चतम स्तर से लगभग 18-19% फिसल गई हैं। मानसून की बारिश बढ़ने के साथ ही देश में कपास बुआई में सुधार हुआ है। ग्वार काउंटर कुछ दबाव के साथ एक दायरे में रहा । राजस्थान में बुआई क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार से कीमतों पर दबाव है। निर्यात के अच्छे आंकड़ों के बावजूद अरंडी की कीमतों पर उच्च स्तर से दबाव देखा गया। निर्यात के मोर्चे पर, मई 2022 में अरंडीमील का निर्यात वर्ष-दर-वर्ष 49.5% बढ़कर 31,150 टन हो गया, जबकि 2022 के पहले 5 महीनों में कुल निर्यात भी 1.52 लाख टन के मुकाबले 3% बढ़कर 1.57 लाख टन हो गया। मसाला उद्योग से मांग में बढ़ोतरी की उम्मीद है जबकि आवक स्थिर है। चीन को बेहतर निर्यात और कम स्टॉक की उम्मीद से जीरा की कीमतों में बढ़ोतरी हुई।

हाजिर कीमतें

कमोडिटी	स्थान	01.07.22	07.07.22	(%)
जौ	जयपुर	3,169.10	3,144.25	-0.78
चना	दिल्ली	4,817.55	4,850.55	0.68
धनिया	कोटा	11,528.75	12,088.95	4.86
क्रूड पॉम ऑयल	कांडला	1,138.35	1,060.10	-6.87
गुड़	मुजफ्फरपुर	1,278.00	1,265.35	-0.99
ग्वारसीड	जोधपुर	5,149.45	5,165.05	0.30
ग्वारगम	जोधपुर	9,600.65	9,766.60	1.73
जीरा	ऊंझा	21,472.90	21,913.75	2.05
सरसों	जयपुर	7,010.95	6,825.10	-2.65
रिफाइंड सोया तेल	मुंबई	1,360.00	1,260.00	-7.35
सोयाबीन	इंदौर	6,556.75	6,241.90	-4.80
हल्दी	निजामाबाद	8,068.80	8,152.65	1.04
गेहूं	दिल्ली	2,284.05	2,313.50	1.29
कॉटन	कड़ी	43,982.00	44,101.50	0.27
कॉटनऑयलसीडकेक	अकोला	2,825.20	2,733.25	-3.25

LME/ COMEX/ NYMEX में धातुओं की कीमत (डॉलर में)

कमोडिटी	एक्सचेंज	कॉन्ट्रैक्ट	01.07.22	07.07.22	बदलाव(%)
एल्युमीनियम	LME	नकद	2,444.00	2,442.50	-0.06
तांबा	LME	नकद	8,048.00	7,822.50	-2.80
लेड	LME	नकद	1,934.50	1,971.00	1.89
निकल	LME	नकद	21,824.00	21,535.00	-1.32
जिंक	LME	नकद	3,029.00	3,110.00	2.67
सोना	COMEX	अगस्त	1,801.05	1,739.70	-3.41
चांदी	COMEX	सितम्बर	19.67	19.19	-2.42
लाइट क्रूड	NYMEX	अगस्त	108.73	102.73	-5.52
नेचुरल गैस	NYMEX	अगस्त	5.73	6.297	9.90

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कमोडिटी की कीमतें

कमोडिटी	एक्सचेंज	कॉन्ट्रैक्ट	01.07.22	07.07.22	बदलाव(%)
सोयाबीन	CBOT	नवम्बर	13.95	13.65	-2.15
सोया तेल	CBOT	अगस्त	64.43	61.62	-4.36
कॉटन	ICE	दिसम्बर	97.48	91.88	-5.74
सीपीओ	BMD	सितम्बर	4,708.00	4,140.00	-12.06

गोदाम में सप्ताहिक स्टॉक स्थिति (NCDEX)

कमोडिटी	यूनिट	01.07.22 क्वांटिटी	07.07.22 क्वांटिटी	अंतर
बाजरा	मी.टन	50	50	0
जौ	मी.टन	20	20	0
कैस्टर सीड	मी.टन	47,048	46,586	-462
धनिया	मी.टन	10,021	10,218	197
कॉटनऑयलसीडकेक	मी.टन	38,608	39,231	623
ग्वारगम	मी.टन	16,217	15,467	-750
ग्वारसीड	मी.टन	25,673	25,284	-389
जीरा	मी.टन	6,031	5,918	-113
मक्का	मी.टन	0	0	0
सोयाबीन	मी.टन	243	243	0
हल्दी	मी.टन	4,764	4,974	210

गोदाम में सप्ताहिक स्टॉक स्थिति (MCX)

कमोडिटी	यूनिट	01.07.22 क्वांटिटी	07.07.22 क्वांटिटी	अंतर
एल्युमीनियम	मी.टन	3,707.96	2,594.59	-1113
तांबा	मी.टन	1,794,603.00	1,844,852.00	50249
सोना	किग्रा	421.00	456.00	35
सोना गिनी	किग्रा	14,096.00	14,096.00	0
सोना मिनी	किग्रा	36,500.00	129,000.00	92500
लेड	किग्रा	685.80	497.79	-188
निकल	किग्रा	7,399.00	0	-7399
चांदी (30 किग्रा बार)	किग्रा	50,861.80	44,488.68	44274
जिंक	मी.टन	214.56	149.92	150

LME में सप्ताहिक स्टॉक स्थिति(टन में)

कमोडिटी	स्टॉक की स्थिति 01.07.22	स्टॉक की स्थिति 07.07.22	अंतर
एल्युमीनियम	373,275	358,125	-15,150
तांबा	124,275	135,775	11,500
निकल	66,780	66,078	-702
लेड	39,525	39,400	-125
जिंक	81,075	83,150	2,075

ट्रेंड शीट

एक्सचेंज	कमोडिटी	कांट्रेक्ट	बंद* भाव	ट्रेंड बदलाव की तिथि	ट्रेंड	भाव के ट्रेंड में बदलाव	सपोर्ट	रेजिस्टेंस	क्लोजिंग स्टॉप लास
NCDEX	जीरा	अगस्त	21870.00	11.05.22	तेजी	2120.00	21150.00	-	21100.00
NCDEX	ग्वारसीड	अगस्त	5106.00	30.05.22	मंदी	6000.00	-	5390.00	5400.00
NCDEX	कॉटनऑयलसीडकेक	अगस्त	2509.00	04.04.22	मंदी	3200.00	-	2720.00	2750.00
MCX	रबर	जुलाई	-	-	–	-	-	-	-
MCX	मेंथा ऑयल	जुलाई	1025.10	23.05.22	मंदी	1080.00	-	1057.00	1060.00
MCX	**बुलडेक्स**	**जुलाई**	**14088.00**	**05.07.22**	**मंदी**	**14300.00**	**-**	**14530.00**	**14550.00**
MCX	चांदी	सितम्बर	56939.00	23.06.22	मंदी	59504.00	-	59000.00	59100.00
MCX	**सोना**	**अगस्त**	**50621.00**	**05.07.22**	**मंदी**	**52000.00**	**-**	**51550.00**	**51600.00**
MCX	मेटलडेक्स	जुलाई	17150.00	23.06.22	साइडवेज	1796.30	16500.00	17800.00	-
MCX	तांबा	जुलाई	664.85	13.06.22	मंदी	770.00	-	695.00	700.00
MCX	लेड	जुलाई	175.05	25.04.22	मंदी	187.00	-	179.00	180.00
MCX	जिंक	जुलाई	280.30	13.06.22	मंदी	315.00	-	298.00	300.00
MCX	निकल	जुलाई	-	-	–	-	-	-	-
MCX	एल्युमिनियम	जुलाई	211.45	13.06.22	मंदी	225.00	-	218.00	220.00
MCX	एनर्जीडेक्स	जुलाई	-		–	-	-	-	-
MCX	कच्चा तेल	जुलाई	8195.00	23.06.22	मंदी	8222.00	-	8750.00	8800.00
MCX	नेचुरल गैस	जुलाई	492.20	23.06.22	मंदी	494.80	-	542.00	545.00

*07/07/2022 का बंद भाव

नाट: 1. कभी-कभी आप पाओगे कि स्टॉप लॉस बहुत अधिक है लेकिन यदि हम स्टॉप लॉस को एक बार बदल दें तो हमें कमोडिटी में मजबूती आती दिखेगी ।उस स्थिति में स्टॉप लॉस अधिक होगा क्योंकि हम सप्ताहिक आधार पर ग्राफ को देखते है और लम्बे समय तक के रूझानों को लेते है।
2. इस सप्ताहिक ट्रेंड का मिलान रोजाना के ट्रेंड से नहीं किया जाना चाहिए जिसे प्रतिदिन सुबह को मार्निंग रिपोर्ट के नाम से ई मेल किया जाता है।

टेक्निकल सुझाव

नेचुरल गैस (जुलाई) एमसीएक्स

कैस्टरसीड (अगस्त) एनसीडीईएक्स

तांबा (जुलाई) एमसीएक्स

नेचुरल गैस (जुलाई) एमसीएक्स

एमसीएक्स में नेचुरल गैस (जुलाई) कॉन्ट्रैक्ट 07 जुलाई 2022 को 438.70 रू पर बंद हुआ। 08 जून 2022 को कॉन्ट्रैक्ट 749.10 रू के उच्च स्तर पर था। 05 जुलाई 2022 को 425.00 रू के निचले स्तर पर था।

दैनिक चार्ट में कमोडिटी की रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स की वैल्य 42.661 है। 530.00 रू के स्टॉपलॉस के साथ 440.00 रू के टारगेट के लिए 500.00 रू के नजदीक बिकवाली की जा सकती है।

कैस्टरसीड (अगस्त) एनसीडीईएक्स

एनसीडीईएक्स में कैस्टरसीड(अगस्त) कॉन्ट्रैक्ट 07 जुलाई 2022 को 7428.00 रू पर बंद हुआ। 30 जून 2022 को कॉन्ट्रैक्ट 7592.00 रू के उच्च स्तर पर था जबकि 20 जून 2022 को 7166.00 रू के निचले स्तर पर था।

दैनिक चार्ट में कमोडिटी की रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स की वैल्यू 45.145 है। 7150.00 रू के स्टॉपलॉस के साथ 7750.00 रू के टारगेट के लिए 7350.00 रू के नजदीक खरीददारी की जा सकती है।

तांबा (जुलाई) एमसीएक्स

एमसीएक्स में तांबा(जुलाई) कॉन्ट्रैक्ट 07 जुलाई 2022 को 645.15 रू पर बंद हुआ। 03 जून 2022 को कॉन्ट्रैक्ट 813.90 रू के उच्च स्तर पर था। 07 जुलाई 2022 को 630.55 रू के निचले स्तर पर था।

दैनिक चार्ट में कमोडिटी की रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स की वैल्यू 28.467 है। 640.00 रू के स्टॉपलॉस के साथ 685.00 रू के टारगेट के लिए 655.00 रू के नजदीक खरीददारी की जा सकती है।

अगले सप्ताह में बाजार का रुख

कम आवक और इस सीजन में रिकॉर्ड कीमतों के कारण अपनी आवश्यकता के अनुसार मसाला उद्योगों की ओर से लगातार मांग के कारण पिछले सप्ताह के दौरान मसालों की कीमतों में बढ़ोतरी हुई लेकिन सभी को उच्च स्तरों पर कड़े रेजिस्टेंस का सामना करना पड़ा है। हल्दी वायदा (अगस्त) की कीमतें एक महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई, लेकिन 8400 के स्तर के पास कड़े रेजिस्टेंस का सामना करना पड़ा और बिकवाली के दबाव के कारण उच्च स्तर पर लगभग 3% फिसल गई। अब रेजिस्टेंस 8400 पर जबकि सपोर्ट 7720 के स्तर पर है। कीमतों में 7400 के स्तर तक गिरावट होने की संभावना है। वर्तमान में, बुवाई को लेकर अच्छी प्रगति की रिपोर्ट है क्योंकि तेलंगाना में 50-60% क्षेत्र पहले ही बुआई हो चुकी है और स्थिर निर्यात मांग के कारण कीमतों पर दबाव पड़ रहा है। निर्यात मांग कम होने के कारण कीमतों में 2022 के उच्च स्तर से 30% से अधिक की गिरावट हुई है। नवीनतम निर्यात आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल 2022 में हल्दी का निर्यात अप्रैल 2021 की तुलना में 3.61% बढ़कर 13760 टन हो गया है जबकि जनवरी-अप्रैल 2022 की अवधि के लिए, निर्यात पिछले वर्ष के समान ही 50,500 टन है।

जीरा वायदा (अगस्त) की कीमतें पिछले सप्ताह 8 सप्ताह के उच्च स्तर पर पहुंच गई और लगातार तीसरे सप्ताह बढ़त के साथ बंद हुई। घरेलू और निर्यात मांग में सुधार की उम्मीद से कीमतों में बढ़ोतरी हो रही है। कीमतों को सपोर्ट 21700 के स्तर पर जबकि रेजिस्टेंस 22500 के स्तर पर दिख रहा है। कीमतें इसी दायरे में साइडवेज कारोबार कर सकती हैं। कीमतों में बढ़ोतरी के कारण हाजिर बाजार में आवक में बढ़ोतरी हुई है। वर्तमान में, कम उत्पादन अनुमान और व्यापारियों के पास कम स्टॉक पर कीमतें वर्ष-दर-वर्ष 64% अधिक हैं। 2022 के पहले 4 महीनों में निर्यात पिछले साल की समान अवधि के 1 लाख टन की तुलना में वर्ष-दर-वर्ष 46% घटकर 54000 टन रह गया है।

कम आवक और मसाला उद्योगों की लगातार मांग के कारण धनिया वायदा (अगस्त) की कीमतें लगातार दूसरे सप्ताह बढ़त के साथ बंद हुई। बाजार सूत्रों के मुताबिक, आयातित धनिया का स्टॉक अब कम है और घरेलू धनिया की कीमतों में तेजी आई है। नए सीजन की शुरुआत के बाद से, अनुमान से कम उत्पादन के कारण धनिया की कीमतें बढ़ रही हैं। वर्तमान में कीमतें कम निर्यात के बावजूद कीमतें वर्ष-दर-वर्ष 80% अधिक हैं। सरकार के आंकड़ों के अनुसार, 2022 के पहले 4 महीनों में निर्यात पिछले साल के 19,770 टन से 23.5% घटकर 15,100 टन हुआ है, लेकिन 5 साल के औसत की तुलना में 12% अधिक है।

अन्य कमोडिटीज

अच्छी बारिश अधिक क्षेत्र में बुआई, बढ़ते आयात और कम मांग जैसे कमजोर फंडामेंटल के कारण कॉटन वायदा (जुलाई) की कीमतें नरमी के रूझान के साथ कारोबार कर रही है। लेकिन अमेरिका में मौसम संबंधी चिंताओं और पंजाब में पहले बोई गई कपास की फसल में कीटों के हमले के कारण कीमतों को कुछ समर्थन मिला है। अब कीमतों को 39820 पर सपोर्ट और 43800 के स्तर पर रेजिस्टेंस दिखाई दे रहा है। कीमतों के 40000 के स्तर तक साइडवेज कारोबार करने की उम्मीद है। पिछले एक महीने में कीमतों में लगभग 15% की गिरावट हुई है क्योंकि कपड़ा क्षेत्र से कपास की मांग सीमित है। घरेलू बाजार में, सरकार ने कच्चे कपास के आयात पर सभी सीमा शुल्क पर छूट 31-अक्टूबर-22 तक बढ़ा दी है। पहले यह छूट 30-सितंबर-22 तक थी। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भारी गिरावट के कारण आयात में बढ़ोतरी की उम्मीद है। सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, मौजूदा खरीफ सीजन में 1 जुलाई तक कपास का रकबा पिछले वर्ष की समान अवधि के 61.70 लाख हेक्टेयर से वर्ष-दर-वर्ष 3.8% बढ़कर 64.1 लाख हेक्टेयर हो गया है।

ग्वारसीड वायदा (अगस्त) की कीमतों पर दबाव में कारोबार जारी है लेकिन निचले स्तर की खरीददारी कीमतों को मदद मिल रही है। सामान्य से अधिक बारिश के बाद राजस्थान से अच्छी बुवाई की रिपोर्ट के कारण कीमतों पर अभी भी दबाव बना हुआ है। मौसम विभाग द्वारा सामान्य मानसून की रिपोर्ट के बाद से कीमतें पहले ही 23% से अधिक लुढ़क चुकी हैं। अब मोल भाव की खरीददारी की संभावना से कीमतें यदि 5150 के स्तर से ऊपर बनी रहती है, तो यह 5400 तक साइडवेज कारोबार कर सकती है। 6 जुलाई तक राजस्थान में ग्वार का रकबा वर्ष-दर-वर्ष 175% बढ़कर 9.63 लाख हेक्टेयर हो गया है। वर्तमान में, कम उत्पादन, कई वर्षों में कम स्टॉक और अच्छी निर्यात मांग की संभावना से कीमतें वर्ष-दर-वर्ष 27% अधिक हैं। निर्यात के अच्छे आंकड़े आने वाले हफ्तों में कीमतों को समर्थन दे सकते हैं। जनवरी-अप्रैल 2022 के दौरान निर्यात पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 65275 टन की तुलना में वर्ष-दर-वर्ष 22% बढ़कर 79,650 टन हो गया।

पिछले सप्ताह अरंडी वायदा (अगस्त) का कारोबार एक दायरे में हुआ। अच्छी मांग और धीमी बुवाई के कारण कीमतों को 7300 के स्तर का सपोर्ट मिला और कीमतें 7500 के स्तर तक बढ़ गई। लगातार निर्यात मांग के कारण आने वाले सप्ताह में कीमतों में बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। अगर कीमतें 7350 के स्तर से ऊपर बनी रहती है तो यह 7700 की ओर बढ़ सकती है। वर्तमान में, अच्छी निर्यात मांग और कम कैरी-ओवर स्टॉक के कारण कीमतें वर्ष-दर-वर्ष लगभग 42% अधिक हैं। गुजरात कृषि विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, 4 जुलाई तक राज्य में अरंडी की बुआई की धीमी शुरूआत हुई है और पिछले वर्ष की समान अवधि के 3606 हेक्टेयर के मुकाबले 491 हेक्टेयर बुआई हुई है। उच्च निर्यात कीमतों के बावजूद कैस्टर ऑयल और मील का निर्यात 2022 के पहले 5 महीनों में क्रमशः लगभग 18% और 3% अधिक हुआ है।

मेंथा ऑयल (जुलाई) की कीमतें पिछले सप्ताह के उच्च स्तर को पार कर गई लेकिन 1032 के स्तर के पास रेजिस्टेंस का सामना करना पड़ा । कीमतों को 998 के स्तर पर सपोर्ट है और यदि कीमतें रेजिस्टेंस स्तर से ऊपर बनी रहती है तो 1060 के स्तर तक बढ़ने की उम्मीद है लेकिन यदि सपोर्ट स्तर से नीचे बनी रहती है तो 980 रू तक फिसल सकती है।

सर्राफा

डॉलर के दो दशक के उच्च स्तर से थोड़ा कमजोर होने से आज सोने की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है, लेकिन डॉलर की मांग बढ़ने के कारण सर्राफा एक महीने से अधिक समय में अपनी सबसे बड़ी साप्ताहिक गिरावट दर्ज की गई है। डॉलर 20 साल के उच्च स्तर से थोड़ा कमजोर हुआ है जिससे सोने की कीमतों को मदद मिली। बेंचमार्क अमेरिकी 10-वर्षीय ट्रेजरी यील्ड में गिरावट से आज सोने की कीमतों को मदद मिली। बेरोजगारी लाभ के लिए नए दावे दाखिल करने वाले अमेरिकियों की संख्या में पिछले सप्ताह अप्रत्याशित रूप से वृद्धि हुई और ऐसे संकेत बढ़ रहे हैं कि श्रम की मांग कम हो रही है और जून में छंटनी 16 महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई है, क्योंकि फेडरल रिजर्व की आक्रामक मौद्रिक नीति ने मंदी की आशंकाओं को बढ़ा किया है। फेड के दो सबसे मुखर अधिकारियों ने हाल ही में कहा कि वे इस महीने के अंत में फिर से ब्याज दर में 75 बेसिस प्वाइंट की वृद्धि का समर्थन करेंगे, लेकिन बाद में धीमी गति से कम बढ़ोतरी का समर्थन करेगें, यहां तक कि दोनों ने अमेरिका को मंदी में धकेलने वाली उच्च उधारी लागत के जोखिम को कम कर दिया। अल्पकालिक ब्याज दरों और बॉन्ड यील्ड में वृद्धि से सोना रखने की अवसर लागत बढ़ जाती है, जिससे कोई ब्याज नहीं मिलता है। तकनीकी मोर्चे पर, कॉमेक्स पर सोने को 1710 डॉलर पर सपोर्ट मिल रहा है इस स्तर से नीचे टूटने और नीचे बने रहने से कीमतें 1670 डॉलर की ओर बढ़ सकती है। कीमतों को छोटी अवधि में रेजिस्टेंस 1770 डॉलर के पास है। इस सप्ताह में, सोने की कीमतों में नरमी के रुझान के साथ कारोबार जारी रह सकता है, जहां यह 49500 रू के पास सपोर्ट ले सकता है और 52000 रू के पास रेजिस्टेंस का सामना कर सकता है। चांदी में भी भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है, जहां यह 54000-5900 के दायरे में कारोबार कर सकती है।

एनर्जी कॉम्पलेक्स

वैश्विक स्तर पर मंदी और चीन में तालाबंदी की बढ़ती आशंकाओं के बीच मांग कम होने की आशंका से तेल की कीमतों में 9% से अधिक गिरावट हुई। दुनिया भर के केंद्रीय बैंक मुद्रास्फीति पर काबू पाने के लिए ब्याज दरें बढ़ा रहे हैं, जिससे यह डर पैदा हो गया है कि उधार लेने की बढ़ती लागत देशों को मंदी की ओर धकेल सकती है और तेल की मांग को कम कर सकती है। तेल वायदा के साथ ही नेचुरल गैस, गैसोलीन और इक्विटी, जो अक्सर कच्चे तेल के लिए मांग संकेतक के रूप में काम करता है, में भी गिरावट हुई । इस बीच, चीन में बड़े पैमाने पर कोविड-19 के परीक्षण ने संभावित लॉकडाउन की आशंकाओं को बढ़ा दिया है, जिससे तेल की खपत में अधिक कटौती होने का खतरा बढ़ गया है। शंघाई ने कहा कि वह कराओके बार में एक प्रकोप से जुड़े संक्रमणों का पता लगाने के प्रयास का हवाला देते हुए, तीन दिन की अवधि में अपने 25 मिलियन निवासियों का नए सिरे से बड़े पैमाने पर परीक्षण शुरू करेगा। चार जुलाई की छुट्टी के बाद अमेरिकी गर्मियों में ड्राइविंग सीजन की मांग में गिरावट की चिंता भी बाजार पर असर पड़ रहा है। आने वाले सप्ताह में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी रह सकता है क्योंकि मिले-जुले फंडामेंटल के कारण कोई स्पष्टता नहीं है। कीमतों को 7600 के पास सपोर्ट लेने की संभावना है और 8400 के पास रेजिस्टेंस का सामना करना पड़ सकता हैं। नेचुरल गैस की कीमतें पिछले कुछ समय से गिरावट के साथ कारोबार कर रही है क्योंकि यूरोपीय संघ को आपूर्ति करने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका से पर्याप्त एलएनजी शिपिंग नहीं होने जा रही है। जून में गैस की कीमतों तेज उलटफेर हुआ है और कीमतें उच्च स्तर से गिरकर 5.33 डॉलर पर आ गई, जहां अब यह मासिक चार्ट पर सपोर्ट के रूप में 20 एसएमए का सामना कर रही है। आने वाले सप्ताह में कीमतों में उच्च स्तर से बिकवाली जारी रह सकती है जहां इसे 450 के पास सपोर्ट मिल सकता है और 530 के पास रेजिस्टेंस का सामना करना पड़ सकता है।

बेस मेटल

बेस मेटल की कीमतें नरमी के रूझान के साथ एक दायरे में कारोबार कर सकती हैं क्योंकि प्रमुख केंद्रीय बैंकों द्वारा बढ़ती मुद्रास्फीति से निपटने के लिए दरों में आक्रामक बढ़ोतरी ने विश्व स्तर पर आर्थिक मंदी और चीन में नए कोविड-19 प्रतिबंधों को लेकर चिंता के कारण धातुओं की मांग में कमी की संभावना है। यद्यपि चीनी नीति निर्माता प्रोत्साहन को बढ़ावा देने पर विचार कर रहे हैं, फिर भी शून्य-कोविड नीति चल रही है जो शीर्ष धातु उपभोक्ता के प्रोत्साहन की उम्मीदों पर भारी पड़ रही है। ब्लूमबर्ग न्यूज ने बताया कि बेस मेटल का सबसे बड़ा धातु उपभोक्ता चीन, 220 अरब डॉलर के प्रोत्साहन उपायों पर विचार कर रहा है। प्रीमियर ली केकियांग ने राज्य मीडिया के हवाले से कहा है कि चीन की अर्थव्यवस्था ठीक हो रही है लेकिन उस सुधार की नींव ठोस नहीं है और अभी और प्रयासों की जरूरत है । मई में जर्मन औद्योगिक उत्पादन उम्मीद से कम बढ़ा है, जिससे दुनिया भर में कमजोर मैनुफैक्चरिंग आंकड़ों की वृद्धि हुई। लेकिन शॉर्ट कवरिंग से तेजड़ियों को कुछ राहत मिल सकती है क्योंकि विश्व स्तर पर मंदी की आशंका से बेस मेटल की कीमतों में लगातार पांचवें हफ्ते गिरावट दर्ज की गई है। तांबे की कीमतें 630-690 के दायरे में कारोबार कर सकती है। दुनिया के सबसे बड़े तांबा उत्पादक चिली के सरकारी स्वामित्व वाला कोडेल्को, उत्तरी चिली में अपने सबसे बड़े परिचालन की आपूर्ति के लिए इस साल एक अरब डॉलर के विलवणीकरण संयंत्र का निर्माण शुरू करेगा। सरकारी कंपनी कोचिल्को ने कहा है कि मई में चिली का कुल तांबा उत्पादन 2.55% गिरकर 478,800 टन रह गया। एल्युमीनियम की कीमतें 200-218 के दायरे में कारोबार कर सकती है। चीन में ऑफ-सीजन आने के साथ खपत में धीमी रिकवरी के कारण एल्युमीनियम की कीमतों पर दबाव बढ़ रहा हैं। जिंक की कीमतें 265-290 के दायरे में कारोबार कर सकती है। लेड की कीमतें 168-178 के दायरे में कारोबार कर सकती है। लेड के तीन महीने के कॉन्ट्रैक्ट की तुलना में नकद एलएमई का प्रीमियम बढ़कर 21.25 डॉलर प्रति टन हो गया, जो 20 मई के बाद सबसे अधिक है, जो निकट अवधि में भंडार में कमी का संकेत देता है।

मुद्रास्फीति..... वैश्विक विकास के समक्ष अड़चन

विश्व स्तर पर कई तरह की भू-राजनीतिक चुनौतियों के बीच, वैश्विक अर्थव्यवस्था दो चुनौतियों का सामना कर रही है: बढ़ती मुद्रास्फीति और घटती वृद्धि दर। दोनों ही समस्याएं कोविड -19 प्रतिबंधों के साथ धीरे-धीरे शुरू हुई थी और अब यूक्रेन पर रूस के निरंतर आक्रमण के कारण बढ़ती जा रही है। दोनों ही मामलों में, आपूर्ति-श्रृंखला में व्यवधान के कारण वैश्विक स्तर पर कीमतों में वृद्धि हुई। नतीजतन, न केवल पिछले दो वर्षों में कई उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में मुद्रास्फीति की दर कई गुना बढ़ी है, बल्कि युद्ध और रूस पर प्रतिबंधों के कारण आईएमएफ को 2022 में वैश्विक विकास संशोधन करके 3.6% करने के लिए मजबूर होना पड़ा, जो पहले 4.4% था। विश्व बैंक का दृष्टिकोण तो अधिक निराशावादी है। विश्व बैंक के अनुसार, वैश्विक विकास 2021 में 5.7 प्रतिशत से गिरकर 2022 में 2.9 प्रतिशत होने की उम्मीद है जो जनवरी में अनुमानित 4.1 प्रतिशत से काफी कम है।

दुनिया भर में महंगाई

इस वर्ष की पहली तिमाही में वैश्विक स्तर पर औसत वार्षिक मुद्रास्फीति दर 2020 की पहली तिमाही की तुलना में कम से कम दोगुनी थी, क्योंकि उस समय कोविड-19 के घातक प्रसार की शुरुआत हो रही थी। सरकारों द्वारा जारी मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर आधारित वेबसाइट ट्रेडिंग इकोनॉमिक्स द्वारा संकलित मुद्रास्फीति के आंकड़ों के अनुसार, 172 देशों में भारत 7.04% की मुद्रास्फीति दर के साथ 108वें स्थान पर है। 29 जून तक के आंकड़ों से पता चलता है कि 172 देशों में से 63 देशों में मुद्रास्फीति की दर 10% से अधिक थी और भारत सहित बाकी देशों में 10% से कम है। 16 देशों में पहली तिमाही में मुद्रास्फीति दो साल पहले के स्तर से चार गुना अधिक थी। पिछले दो वर्षों में अमेरिकी मुद्रास्फीति की दर लगभग चार गुना हो गई है लेकिन कई देशों में यह तेजी से बढ़ी है। जिस देश में पिछले दो वर्षों में मुद्रास्फीति सबसे तेजी से बढ़ी है वह इजराइल है। इस साल की पहली तिमाही में इसका औसत 3.36% रहा, जो 2020 में इसी अवधि में मुद्रास्फीति दर से 25 गुना से अधिक है।



स्रोत: रॉयटर्स और एसएमसी रिसर्च

महंगाई से लड़ने के लिए दरों में बढ़ोतरी

मुद्रास्फीति से लड़ने के लिए ब्याज दर में वृद्धि मुख्य उपकरण है। दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों ने मुद्रास्फीति पर काबू पाने के लिए ब्याज दर में बढ़ोतरी करके मौद्रिक सख्ती शुरू कर दी, जिससे अर्थव्यवस्था धीमी हो गई। अधिक उधारी दरें उपभोक्ताओं और व्यवसायों को कोई भी निवेश करने से रोकने के लिए मजबूर करती हैं, जिससे मांग कम हो जाती है और कीमतों में गिरावट होती है। फेडरल रिजर्व पहले ही तीन बार दरों में बढ़ोतरी कर चुका है, उनमें से अंतिम बार 0.75% की बढ़ोतरी की थी । यह 1994 के बाद सबसे बड़ी वृद्धि थी। फेड के अनुमानों के अनुसार, 2022 के अंत तक, दरें 3% से 3.5% के बीच होंगी। लेकिन फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल ने पिछले महीने कहा था कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक मंदी को बढ़ाने की कोशिश नहीं कर रहा है, लेकिन कीमतों को नियंत्रण में लाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है, भले ही ऐसा करने से आर्थिक मंदी का खतरा हो। स्विस नेशनल बैंक ने पिछले महीने 15 साल में पहली बार ब्याज दरों में बढ़ोतरी करके बाजारों को चौंका दिया । रिजर्व बैंक ऑफ ऑस्ट्रेलिया ने इस सप्ताह दूसरे महीने दरों में आधा अंक की वृद्धि की, और बैंक ऑफ कोरिया द्वारा अगले सप्ताह समान मात्रा की वृद्धि देने की उम्मीद है और यूरोपीय सेंट्रल बैंक के कुछ अधिकारी दरों में भारी बढ़ोतरी का सुझाव दे रहे हैं । बैंक ऑफ कनाडा इस महीने अपनी दरों में 75 बेसिस प्वाइंट और सितंबर में 50 बेसिस प्वाइंट और बढ़ाने की तैयारी में है।

वैश्विक मंदी की प्रबल संभावना

हाल ही में, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए आउटलुक अप्रैल के बाद से 'काफी कमजोर' हो गया है और मुद्रास्फीति के अधिक सार्वभौमिक प्रसार, अधिक ब्याज दरों में वृद्धि, और यूक्रेन में रूस के युद्ध से संबंधित बढ़ते प्रतिबंध के कारण अगले साल संभावित वैश्विक मंदी से इंकार नहीं कर सकता है।

एसएमसी रिसर्च डेस्क

आप इस रिपोर्ट को हमारी वेबसाइट पर भी देख सकते हैं- www.smctradeonline.com

Corporate Office:
11/6B, Shanti Chamber,
Pusa Road, New Delhi - 110005
Tel: +91-11-30111000
www.smcindiaonline.com

Mumbai Office:
Lotus Corporate Park, A Wing 401 / 402 , 4th Floor , Graham Firth Steel Compound, Off Western Express Highway, Jay Coach Signal, Goreagon (East) Mumbai - 400063
Tel: 91-22-67341600, Fax: 91-22-67341697

Kolkata Office:
18, Rabindra Sarani, Poddar Court, Gate No-4,
5th Floor, Kolkata-700001
Tel.: 033 6612 7000/033 4058 7000
Fax: 033 6612 7004/033 4058 7004

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड (जिसे एसएमसी कहा जाता है) का नियमन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे ब्रोकिंग व्यवसाय, डिपॉजिटरी सेवायें और संबंधित सेवायें करने का लाइसेंस प्राप्त है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, एमएसईआई(मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) का रजिस्टर्ड सदस्य है और एम/एस एसएमसी कॉमट्रेड नेशनल कमोडिटी एवं डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया और भारत के अन्य कमोडिटी एक्सचेंजों का रजिस्टर्ड सदस्य है। इसकी सहयोगी एमसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की सदस्य हैं। एसएमसी सीडीएसएल(CDSL) और एनएसडीएल(NSDL)के साथ डिपॉजिटरी भागीदार के रूप में भी रजिस्टर्ड है । एसएमसी के अन्य एसोसिएट सेबी और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मर्चेंट बैंकर, पोर्टफोलियो मैनेजर के रूप में रजिस्टर्ड है। यह म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में एएमएफआई(AMFI) में भी रजिस्टर्ड है ।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड सेबी (रिसर्च एनॉलिस्ट)रेगुलेशन 2014 के तहत रिसर्च एनॉलिस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन संख्या INH100001849 के साथ रजिस्टर्ड संस्था है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड या इसके सहयोगियों को सेबी द्वारा अन्य किसी रेगुलेटरी एथॉरिटी द्वारा सिक्योरिटीज मार्केट/कमोडिटी मार्केट में कारोबार के लिए प्रतिबंधित/निलंबित नही किया गया है। रिपोर्ट में रिसर्च एनॉलिस्टों द्वारा व्यक्त की गई राय केवल सार्वजनिक रूप से प्राप्त सूचनाओं/इंटरनेट आंकड़ों/अन्य विश्वसनीय स्रोतों, जिन्हे सत्य माना जाना जाता है, पर आधारित है। एसएमसी रिपोर्ट में व्यक्त राय या सामग्री की शुद्धता को लेकर कोई आश्वासन नही देता है और निवेशकों को सलाह दी जाती है कि निवेश के लिए कोई भी निर्णय करने से पहले बाजार की परिस्थितियों/जोखिमों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करें । रिसर्च एनॉलिस्ट, जिन्होने इस रिपोर्ट को तैयार किया है, एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि इस रिपोर्ट में विशेष कमोडिटी के संदर्भ में व्यक्त किया गया विचार/राय उनके निजी स्वतंत्र विचार/राय है।

डिसक्लेमर: यह रिसर्च रिपोर्ट अधिकृत प्राप्तकर्त्ता की व्यक्तिगत सूचना के लिए है और इसका निवेशक के किसी निवेश, विधिक एवं कर संबंधी परामर्श से संबंध नही हैं । यह केवल प्राइवेट सर्कुलेशन एवं उपयोग के लिए है। यह रिपोर्ट विश्वस्त सूचनाओं पर आधारित है लेकिन यह पूरी तरह सही और पूर्ण है, ऐसा जरूरी नही और इस पर पूरी तरह भरोसा नही किया जाना चाहिए । रिपोर्ट के कन्टेन्ट के आधार पर कोई कार्य नही किया जा सकता है । इस रिपोर्ट को एसएमसी से लिखित आज्ञा के बिना किसी भी रूप में नकल एवं किसी भी अन्य व्यक्ति को पुन: वितरण नही किया जाना चाहिए। इस सामग्री का कन्टेन्ट सामान्य है और यह न तो पूरी तरह से व्यापक है और न विस्तृत है। इस रिपोर्ट के आधार पर उठाये गये किसी कदम से होने वाली क्षति या नुकसान के लिए न तो एसएमसी और न इसका कोई संबंधी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी को उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए । यह कोई व्यक्तिगत अनुमोदन नही करता या किसी खास निवेश उदेश्य, वितीय स्थिति या किसी व्यक्तिगत ग्राहक या कॉरपोरेट या सत्ता की जरूरतों को लेकर नही चलता है । सभी निवेश जोखिमपूर्ण होते है एवं पिछला प्रदर्शन भविष्य के किसी प्रदर्शन की गारन्टी नही देता है। निवेश की वैल्यू और उससे प्राप्त आमदनी एक निश्चित समय में उपलब्ध कुछ बड़े एवं सूक्ष्म कारकों के बदलाव पर निर्भर कर सकती है। निवेश का निर्णय लेते समय किसी भी व्यक्ति को अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए ।

कृपया ध्यान रखें कि हम या हमारा कोई अधिकारी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी, जो भी इस रिपोर्ट को बनाने या भेजने में शामिल है उसकी (अ)समय-समय पर किसी भी कमोडिटीज में, जिनका इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, खरीद या बिक्री, कोई भी पोजिशन हो सकती है और वह इस कमोडिटीज को खरीद या बिक्री कर सकता है या (ब) साथ ही साथ वह इन कमोडिटीज के किसी भी प्रकार के सौदों में और ब्रोकरेज या अन्य प्रकार के प्रतिकर में अथवा बाजार निर्माण में शामिल हो सकता है, (स) इस रिपोर्ट में दिए गये सुझावों और संबंधित सूचनाओं एवं विचारों के संदर्भ में इनका अपना कोई भी निहित स्वार्थ या विवाद हो सकता है । सभी विवादों का निपटारा अंतिम रूप से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीन होगा ।